# आकाशवाणी भोपाल
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 14/03/2026** **समय : 07.10 पीएम**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने आज कोलकाता में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- प्रदेश में 19 मार्च से फिर शुरू होगा जल गंगा सर्वधन अभियान।
- प्रदेशभर में आज आयोजित नेशनल लोक अदालतों में कई मामलों का हुआ निराकरण।
- **मौसम विभाग ने** आगामी तीन दिनों में **प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई।**

**प्रधानमंत्री कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में लगभग 18 हजार 6 सौ 80 करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं पूरे पूर्वी क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेंगी।

**किसान सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कटनी जिले के बरही में आयोजित किसान सम्मेलन में 243 करोड़ रुपये के निर्माण व विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बरही के बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में कृषि एवं उससे संबंधित विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, सुपर सीडर, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, स्व–सहायता समूह बैंक योजना और रिस्पोंसिबल टूरिज्म होम स्टे से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

प्रदेश में 19 मार्च, गुड़ी पड़वा के पावन पर्व से "जल गंगा संवर्धन अभियान" पुनः शुरु किया जा रहा है, जो तीन महीने गंगा दशमी तक निरंतर चलेगा। इस दौरान जल संग्रहण से जुड़ी सभी संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन और सुदृढ़ीकरण पर व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2024 से प्रारंभ "जल गंगा संवर्धन अभियान" के माध्यम से प्रदेश में 2 लाख 79 हजार से अधिक कुओं, बावड़ियों, तालाबों, चेक डैम सहित विभिन्न जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन का कार्य किया गया है।

इंदौर-खंडवा रेल लाइन

इंदौर-खंडवा के बीच बनने वाली नई ब्रॉडगेज रेल लाइन के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय से प्रारंभिक अनुमति मिल गई है। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि परियोजना के तहत 454 हेक्टेयर वनभूमि पर रेल लाइन बिछेगी और करीब 20 किमी क्षेत्र में 16 सुरंगें भी बनाई जाएंगी।

**अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग**

भारतीय ध्वज वाले दो जहाज़ शिवालिक और नंदादेवी ने आज तड़के होर्मुज़ जलडमरूमध्य से सुरक्षित तरीके से पार कर लिया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने दिल्ली में आज शाम अंतर-मंत्रालयी मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इन जहाज़ों पर 92 हजार 7 सौ मीट्रिक टन एलपीजी है।

श्री सिन्हा ने बताया कि ये जहाज़ 16 और 17 मार्च को मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पर पहुंचेंगे।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या एलपीजी वितरक के यहां एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है।

**शिवराज सिंह चौहान**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीहोर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की। इस दौरान ग्रामीण विकास, कृषि, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रधानमंत्री आवास, नगरीय विकास सहित अनेक विभागों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**इस मौके पर मीडिया से चर्चा करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि** आने वाली गर्मियों को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन और पीएचई विभाग के कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये हैं। ।

मुख्यमंत्री- बुरहानपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बुरहानपुर जिले के नेपानगर में 363 करोड़ 82 लाख रूपये के 127 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। जनजातीय समुदाय के हितों एवं सहभागिता के लिये आयोजित जनजातीय सम्मेलन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी एवं संवाद भी स्थापित किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल में कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, आजीविका मिशन, वन विभाग द्वारा ''विकास प्रदर्शनी'' आयोजित रहेगी। विकास कार्यों की सौगातों के साथ-साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे।

**लोक अदालत**

प्रदेश में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिए प्रदेश भर में उच्च न्यायालय से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों व अन्य न्यायालयों में किया गया। इसमें लंबित दीवानी और आपराधिक  प्रकरणों के साथ ही ट्रैफिक चालान, बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर और संपत्तिकर से जुड़े प्री–लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया गया। सीहोर सहित अन्य जिलों में भी लोक अदालत आयोजित की गई।

**सामूहिक विवाह सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत और कारगर माध्यम है।

मुख्यमंत्री आज भोपाल स्थित निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुजालपुर में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार बेटियों का कन्यादान और विदाई कर रही है। इस योजना से प्रदेश के गरीब–वंचित और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का घर बस रहा है। जन्म से लेकर पढ़ाई, नौकरी, मातृत्व और विवाह तक हमारी सरकार हर कदम पर बहनों–बेटियों के साथ खड़ी है।

**मौसम**

प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और लू जैसे हालात बनने लगे हैं। प्रदेश में पिछले दो दिनों से तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम और सागर संभाग में गर्मी का असर ज्यादा देखा जा रहा है।

मौसम विभाग ने 15, 16 और 17 मार्च को प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।

**कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- शिवपुरी जिले में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में कल 15 मार्च को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- संकल्प से समाधान अभियान के तहत खंडवा में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।
- मंदसौर में सिपानी कृषि अनुसंधान केंद्र के स्थापना दिवस पर आयोजित किसान सम्मेलन में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किसानों से पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की।
- कृषक कल्याण वर्ष–2026 वर्ष के तहत् आगरमालवा स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आत्मा योजना अंतर्गत आयोजित हुए दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का कल समापन हो गया।
- ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पंचायत नर्मदापुरम द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिला स्तरीय पारंपरिक खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।
- बैतूल जिले में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा ऑयल कंपनी से आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है।
- देवास जिले में टोंकखुर्द विकासखंड अंतर्गत जिला सहकारी संघ मर्यादित रतलाम एवं दुध सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित इंदौर द्वारा दुध उत्पादक किसानों के लिए स्वच्छ दुग्ध उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया